तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 21 जुलाई 2025

08 इग्नाइट स्कूल में शिक्षक संकट का समाधान,...

09 संकटमोचन परिवार ने मुक्तिधाम में किया...




2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in

# हरेली उत्सव है छत्तीसगढ़ की कृषि परंपरा की पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान में अनेक परंपरागत पर्वों का गूढ़ समावेश है, जिनमें हरेली त्यौहार का विशिष्ट स्थान है। हरेली शब्द का शाब्दिक अर्थ है – हरियाली, जो धरती माता के श्रृंगार का प्रतीक है। यह पर्व सावन माह की अमावस्या को मनाया जाता है और मुख्यतः कृषक समाज में इसकी गहरी आस्था व परंपरा रही है।

हरेली का आरंभ केवल पारंपरिक उत्सव न होकर एक ऐतिहासिक व सांस्कृतिक यात्रा का परिचायक है। मानव समाज में कृषि की शुरुआत के साथ ही हरेली जैसे त्योहार की अवधारणा उत्पन्न हुई। वैदिक युग में अथर्ववेद के कृषि सूक्त तथा विष्णु पुराण में वर्षारंभ अनुष्ठान के रूप में इसका उल्लेख मिलता है। मौर्य काल में कौटिल्य के अर्थशास्त्र में कृषि यंत्रों की शुद्धि, संरक्षण एवं पूजन की विधि को स्पष्ट रूप से बताया गया है, जिसे उपकरण संस्कारकी संज्ञा दी गई। गुप्तकाल में इस परंपरा को कृषक महोत्सव के रूप में मनाने का उल्लेख प्राप्त होता है। संस्कृत नाटकों में वर्षा के आगमन पर कृषकों द्वारा हलद्वार की पूजा करने की परंपरा मिलती है – "प्रावृषि कृषकाः हलद्वार पूजयन्ति।" बाणभट्ट की रचनाओं में भी वर्षा ऋतु के स्वागत और हरियाली की स्तुति में उल्लेखनीय प्रसंग मिलते हैं।

## कृषक जीवन का उल्लास और आध्यात्मिक एकाग्रता का पर्व





### वर्तमान स्वरूप एवं परंपरा

आज भी छत्तीसगढ़ के ग्रामीण अंचलों में हरेली बड़े हर्षोल्लास से मनाया जाता है। इस दिन किसान अपने कृषि यंत्रों की पूजा करते हैं, बैलों को स्नान कराकर विशेष व्यंजन लोंदी खिलाते हैं, और खेतों में पहली बार हल चलाकर नये कृषि चक्र की शुरुआत करते हैं। ऐसी मान्यता है कि इससे पूरे वर्ष कृषि उपकरण एवं पशुधन स्वस्थ रहते हैं। घर के मुख्य द्वार पर नीम की डालियाँ सजाई जाती हैं, जो रोगनाशक व नकारात्मक शक्तियों से सुरक्षा की प्रतीक मानी जाती हैं। पारंपरिक तंत्र साधनाएं, बैगाओं द्वारा गाँव की सुरक्षा हेतु की जाती हैं। हरेली का एक अनूठा पक्ष गेड़ी चढ़ना भी है। यह परंपरा पुराने समय में वर्षा ऋतु में कीचड़ से बचने के लिए उपयोग में लाई जाती थी, जो अब बच्चों के लिए खेल व आनंद का माध्यम बन गई है। कई गाँवों में गेड़ी दौड़ प्रतियोगिताएं आयोजित होती हैं।

## खबर संक्षेप

### सट्टा-पट्टी लिखने वाला गिरफ्तार



**भाटापारा।** शहर थाना पुलिस ने सट्टा-पट्टी लिखने वाले एक आरोपी को भगत सिंह वार्ड में सट्टा-पट्टी लिखते हुए रंगे हाथों पकड़ा। आरोपी के पास से नगदी रकम 1530 व सट्टा-पट्टी जप्त किया गया। एसपी भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल प्रारंभ किया गया है, मामले में टीआई ने बताया कि शहर की पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर भगत सिंह वार्ड में सट्टा-पट्टी लिखने वाले एक आरोपी सटोरिए को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी सटोरिए के विरूद्ध जुआ प्रतिशेध अधिनियम 2022 की धारा 6 के तहत पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई है।

### युवक नदी में गिरा खोजबीन जारी



**सिमगा ।** मिली जानकारी के अनुसार कंकालिन पारा निवासी विष्णु निषाद जो शनिवार संध्या समय में शिवनाथ नदी के पुराने पुल में घूमने गया था कि लगभग 7 बजे अचानक वह नदी में गिर गया । जिसकी जानकारी पुलिस को लगते ही स्थानीय गोताखोरों के माध्यम से खोजबीन कराया गया है, परंतु विष्णु निषाद कुछ पता नहीं चल पाया। रविवार की सुबह से बाढ़ बचाव दल बलौदाबाजार की 10 सदस्यीय टीम के सदस्यों ने बोट के माध्यम से सुबह से देर शाम तक विष्णु निषाद की खोजबीन किया परंतु समाचार लिखे जाने तक उसका कुछ पता नहीं चल पाया है ।

**बैठक :** वृक्षारोपण, वर्षा जल संचयन सहित जिले की समग्र विकास पर जोर

# केंद्रीय योजनाओं की हुई समीक्षा हितग्राहियों तक लाभ पहुंचाने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं जांजगीर चाम्पा सांसद कमलेश जांगड़े क्री अध्यक्षता तथा राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा क्री विशिष्ट उपस्थिति में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा ) क्री समीक्षा बैठक शनिवार क्रो जिला पंचायत सभाकक्ष बलौदाबाजार में संपन्न हुई। बैठक में केंद्र प्रवर्तित योजनाओं का जिले में क्रियान्वयन एवं विकास कार्यों क्री विस्तृत समीक्षा क्री गई। केंद्र सरकार क्री योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र लोगों तक पहुंचाने अधिकारियों क्रो निर्देश दिये गए।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, अश्वनी शर्मा, कलेक्टर दीपक सोनी, डीएफओ रणवीर धम्मशील, सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी ने हर वर्ग के लोगों के लिए अनेक योजनाएं लागू क्री है इन योजनाओं का लाभ शत प्रतिशत हितग्राही तक पहुंचाना होग़ा। सभी जरूरतमंदो क्रो प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिले। प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी के भारत क्रो 2047 तक विकसित राष्ट्र के संकल्प क्रो साकार करना है।

## गुड़ेलिया क्रो सांसद आदर्श ग्राम के रूप में किया जाएगा विकसित



### सुरक्षा और अधोसंरचना पर विशेष जोर

इस दौरान सांसद सडक सुरक्षा समिति क्री बैठक में सडक दुर्घटनाओ क्री बढ़ती संख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए वाहनो क्री गति और नशे क्री हालत में वाहन चलाने वालों पर कड़ी निगरानी करने के निर्देश दिये गए। इसके साथ ही जिले में बढ़ते औद्योगिक इकाइयों क्रो दृष्टिगत रखते हुए भारी वाहनो क्रो शहर के बाहर से आवागमन हेतु बायपास एवं रिंग रोड के लिए कार्ययोजना बनाने के भी निर्देश दिये गए। बैठक में जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, महिला आयोग क्री सदस्य लक्ष्मी वर्मा सहित समिति के सदस्य व विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### योजनाओं को करें शुरुः सांसद बृजमोहन

रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि सही मायने में सरकार क्री योजना तभी लागू होगी जब उसका लाभ सभी पात्र हितग्राही क्रो मिले। उन्होने कहा कि जिन विभागों में केंद्र सरकार क्री ऐसे योजनाएं जो जिले में अब तक शुरु नहीं हुई है उन योजनाओं क्रो शुरु करने आवश्यक पहल करें।

### जल जीवन मिशन और नैनो खाद पर विशेष जोर

बैठक में जल संरक्षण पर विशेष जोर देते हुए बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण करने, सभी शासकीय भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का निर्माण तथा नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में भवन निर्माण क्री अनुमति में वाटर हार्वेस्टिंग क्रो अनिवार्य शर्त रखने के निर्देश दिये गए। किसानों क्रो खाद बीज क्री पर्याप्त उपलब्धता तथा नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के उपयोग के लिए प्रोत्साहित करने, फल- फूल एवं सब्जी क्री खेती के लिए आवशक जानकारी देने कहा गया। जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल से जल पहुंचाने के कार्य क्री समीक्षा करते हुए जिन गांवो में जल स्रोत क्री समस्या है वहां वैकल्पिक स्रोत के उपाय के साथ समय सीमा में कार्य पूरा करने निर्देशित किया गया। पुराने खदानों के पानी क्रो पेयजल के रूप में उपयोग हेतु वाटर ट्रीटमेंट प्लांट लगाकर जालोपचार कराने पर भी चर्चा क्री गई।

# कलयुगी बेटे ने रची मां की हत्या करवा कर आत्महत्या दिखाने की रची साजिश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार सरसीवां

▪ 40 हजार की सुपारी में मारी गई बुजुर्ग, पुलिस ने चार आरोपियों को भेजा जेल

सरसीवां थाना क्षेत्र के ग्राम पंड्रीपाली में 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला की हत्या कर उसे आत्महत्या का रूप देने की सनसनीखेज साजिश का खुलासा पुलिस ने किया है। जमीन विवाद को लेकर मृतिका के ही गोद लिए बेटे ने अपनी पत्नी और दो अन्य साथियों के साथ मिलकर हत्या की योजना रची और 40 हजार रुपये में सुपारी देकर वारदात को अंजाम दिया।

सरसीवां पुलिस ने मामले में चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। घटना 15 जुलाई की रात की है, जब मंगली बाई नामक वृद्धा खाना खाकर अपने कमरे में सोने गई थी। अगली सुबह जब वह बाहर नहीं निकली तो ग्रामीणों ने दरवाजा तोड़ा और उसे मृत अवस्था में पाया। पुलिस को शुरुआत में मामला आत्महत्या जैसा प्रतीत हुआ, लेकिन जांच में अनेक संदेह सामने आए। पीएम रिपोर्ट में गला घोंटे जाने की पुष्टि हुई, जिसके बाद मामले ने नया मोड़ ले लिया।

पुलिस अधीक्षक अंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशन में और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निमिषा पांडे एवं एसडीओपी विजय ठाकुर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक वीणा यादव के नेतृत्व में जांच तेज की गई। पूछताछ के दौरान मृतिका के गोद लिए पुत्र भजनलाल कठौतिया टूट ▶▶ शेष पेज 09 पर

### इनका रहा विशेष योगदान

पुलिस टीम में निरीक्षक वीणा यादव, सउनि नंदराम साहू, प्रआर अनिरुद्ध बैरागी, गजानंद स्वर्णकार, रतनलाल स्वाई, रोहित लहरे, ओमप्रकाश साहू, मुनी अनंत, प्रकाश भारद्वाज, राजकुमार खुंटे, कामता कर्ष सहित थाना स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

# गैस गोदाम के पास चाकू दिखाकर की गई लूटपाट, फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी बलराम यादव द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 19 जुलाई की दोपहर 03:30 बजे प्रार्थी अपने दोस्त के साथ ग्राम पौंसरी जाते हुए तिल्दा रोड सिमगा में गैस गोदाम के पास रुका था तभी आरोपी राहुल पंजवानी उम्र 26 साल निवासी नेवरा थाना तिल्दा जिला रायपुर अपने सांथी के साथ वहां पर आया एवं बटनदार चाकू निकालकर, प्रार्थी को जान से मारने की धमकी देते हुए एवं डरा धमका कर प्रार्थी से 2500 लूटकर फरार हो गया।

सिमगा थाने में अपराध दर्ज कर धारा 309 (4) बीएनएस एवं 25,27 आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। उक्त प्रकरण में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में सिमगा पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी राहुल पंजवानी को हिरासत में लिया गया। पुछताछ के दौरान अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर प्रार्थी के साथ लूटपाट ▶▶ शेष पेज 09 पर

# शराब के अवैध अड्डों पर पुलिस ने मारी रेड, 10 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

▪ चखना सेंटर, ढाबा और ठेला संचालकों पर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई



जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में अवैध गतिविधियों में लिप्त आरोपियों, शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों एवं जुआ, सट्टा का संचालन करने वाले तथा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले आरोपियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस टीम द्वारा दिनांक 19.07.2025 को सायं क्षेत्र अंतर्गत शराब भट्टी के पास अवैध रूप से चखना सेंटर का संचालन करने वाले, सड़क मार्ग के किनारे स्थित होटल, ढाबा, ठेला आदि में पीने, बैठने की ▶▶ शेष पेज 09 पर

### आरोपियों के नाम-

शुभम धृतलहरे (20) साल निवासी ग्राम खम्हरिया यादव थाना सिटी कोतवाली, उमा चेलक (23) निवासी ग्राम बरदा थाना लवन, छेदी दिव्य (55) निवासी ग्राम सेमरा थाना गिधौरी, टिकेंद्र पैकरा (27) निवासी ग्राम चिसदा थाना कसडोल , दीपांशु पैकरा (20) निवासी ग्राम झबड़ी थाना कसडोल , अहिल्या गेण्डरे (45) निवासी ग्राम बुड़गहन थाना सुहेला, जिवराखन कुर्रे (74) निवासी ग्राम उड़ेला थाना हथबंद , सुंदर पाल (70) निवासी ग्राम हथबंद थाना हथबंद, बल्बराम शर्मा (70) निवासी ग्राम हथबंद थाना हथबंद, कुम्हार निर्मलकर (31) निवासी ग्राम उडेला थाना हथबंद।

**लघु अवधि की फसलों और धान उत्पादन पर मिलेगा अनुदान**

# किसानों के लिए शासन की सौगात, मिलेगी 15,000 तक की सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

▪ आदान सहायता योजना से भर्री जमीनों पर भी संभव होगी खेती

किसानों के हित में शासन ने खरीफ 2025 के लिए अनेक योजनाएं घोषित की हैं, जिससे उन्हें आर्थिक रूप से लाभ मिल सके। कृषि विस्तार अधिकारी राजू कुमार टांडे ने किसानों को जानकारी देते हुए बताया कि खरीफ में दलहन, तिलहन, मक्का, कोदो, कुटकी, रागी जैसी लघु अवधि की फसलें लेने वाले किसानों को शासन की कृषक उन्नति योजना के तहत 10,000 प्रति एकड़ की आदान सहायता राशि दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि इस सहायता राशि का लाभ पाने के लिए किसानों को एकीकृत किसान पोर्टल पर पंजीयन कराना एवं गिरदावरी में फसल की प्रविष्टि कराना अनिवार्य है। यह योजना विशेष रूप से उन किसानों के लिए लाभदायक है जिनके पास भर्री या भांठा जैसी परती जमीन है। किसान इन जमीनों पर कम समय में तैयार होने वाली फसलें लगाकर अतिरिक्त आय अर्जित कर सकते हैं।



### पंजीयन और गिरदावरी है अनिवार्य शर्त

इसके साथ ही धान उत्पादक किसानों के लिए भी विशेष सहायता योजना लागू की गई है। धान (कॉमन) की उपज पर 731 रुपये प्रति क्विंटल की दर से अधिकतम 15,351 प्रति एकड़ धान (ग्रेड-ए) पर 711 रुपये प्रति क्विंटल की दर से अधिकतम 14,931 प्रति एकड़ तक की सहायता राशि प्रदान की जाएगी, साथ ही पंजीयन व गिरदावरी के उपरांत मान्य रकबे पर 1,000 प्रति एकड़ की दर से अलग से आदान सहायता भी दी जाएगी। अधिकारियों ने किसानों से अपील की है कि वे समय पर पंजीयन व गिरदावरी कराकर शासन की योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाएं।

बालाजी प्रा. आई.टी.आई
ITI BHATAPARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
सिद्ध बाबा रोड (रेलवे गेट के पास) भाटापारा
89595-93918 • 98261-76302

## खबर संक्षेप

### दूध पर प्रति लीटर सात रुपए की वृद्धि

**महासमुंद।** दुग्ध व्यवसाय संघ एवं होटल व्यवसायी संघ के संयुक्त बैठक में दुग्ध व्यवसाय संघ द्वारा मांग रख प्रति लीटर सात रुपए वृद्धि का निर्णय लिया गया, जो 20 जुलाई से लागू हो गई। होटल व्यवसाई संघ के अध्यक्ष हेमंत बघेल, सचिव भाऊ राम साहू का कहना है कि दूध उत्पादन के क्षेत्र में प्रदेश में महासमुंद अव्वल दर्जे पर है। बावजूद साल दर साल अप्रत्याशित वृद्धि आने वाले समय पर जनता के जेब पर भार बढ़ाने वाला है। प्रति लीटर सात रुपए की वृद्धि से मिठाई, दूध, दही, पनीर, खोवा, चाय, लस्सी पर मूल्य वृद्धि लाजिमी है। आने वाले समय पर व्यवसाय पर इसका विपरीत प्रभाव देखने को मिल सकता है। होटल व्यवसाय संघ के अध्यक्ष हेमंत, सचिव भाऊ राम साहू, उपाध्यक्ष नेमीचंद सोनी, पदाधिकारी मनीष जैन, पप्पू साहू, मोती सिंह राजपुरोहित, कान्हा, सुंदर साहू, शशि जैन, नेमीचंद, चेतन राठौड़ सहित मिठाई कारोबारियों ने कहा है कि महंगाई का असर गुणवत्ता पर नहीं पड़ेगा।

### खल्लारी सोसाइटी परिसर में पौधरोपण

**खल्लारी।** दैवीय माता तीर्थ स्थल खल्लारी में ग्रामीण कृषि सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष नंदकुमार निषाद ने सोसायटी कर्मचारियों के साथ धान खरीदी केंद्र परिसर में एक पेड़ मां के नाम के तहत फलदार आम पौधों का रोपण किया गया। इस मौके पर समिति प्रबंधक मनोज कुमार भारद्वाज व कर्मचारियों में रेखराज ध्रुवंशी, मिलन सिंह यदु, विजय कुमार साहू, खोमन पटेल, हरिशचंद पटेल, ललित कुमार साहू, शेख शरीफ, प्रमोद पटेल सहित कृषक व ग्रामीणजन भी उपस्थित रहे।

### गायत्री चेतना केंद्र सिरपुर में चल रहा सामूहिक साधना अनुष्ठान

**महासमुंद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा माताजी की जन्म शताब्दी वर्ष 2026 की तैयारियों के अंतर्गत देशभर में सामूहिक साधना का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में नवनिर्मित गायत्री चेतना केंद्र सिरपुर में भी सामूहिक साधना अनुष्ठान प्रारंभ किया गया है। इस अनुष्ठान में संतुलाल साहू, बोधराम साहू, पीरीत राम रैला, ध्रुव राम साहू एवं ललित मेश्राम केंद्र में निवास करते हुए सेवा दे रहे हैं। श्रावण मास के द्वितीय रविवार को इस साधना कार्यक्रम में महासमुंद से 24 साधकगण सिरपुर पहुंचकर सामूहिक साधना में सहभागी बने। इस अवसर पर प्रमुख रूप से रिखीराम साहू, हीरालाल साहू, डीसी राव भोसले, दुर्गाबाई भोसले, भुवनेश्वर राव भोसले, गोपाल राव भोसले, श्रद्धा भोसले, गरिमा भोसले, वर्षा भोसले, रामलाल साहू, मीना साहू, देव कुमार साहू, महेश्वरी साहू, शुभम साहू, परस चौहान, नीलाराम ठाकुर, भारत सिंह साहू, मनोरमा साहू, सत्य प्रकाश ओझा, अमर साहू आदि उपस्थित रहे। गायत्री परिवार द्वारा सभी इकाई के परिजनों एवं श्रद्धालु साधकों से अनुरोध किया गया है कि वे समय निकालकर गायत्री चेतना केंद्र, सिरपुर में उपस्थित होकर इस पुनीत सामूहिक साधना में भाग लें तथा आत्मिक एवं सामाजिक शुद्धि की दिशा में योगदान दें।

### कन्या छात्रावास सिरपुर में फल वितरित

**महासमुंद।** गायत्री परिवार द्वारा सिरपुर स्थित नवनिर्मित चेतना केंद्र में इन दिनों सामूहिक साधना का नियमित आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में पधारे परिजनों द्वारा सामूहिक साधना की गई। साधना उपरांत वरिष्ठ गायत्री परिजन एवं देव संस्कृति विद्यालय महासमुंद के संरक्षक बीएन गुप्ता के नेतृत्व में आदिवासी कन्या छात्रावास सिरपुर में फल वितरण किया गया। इस पुनीत अवसर पर छात्राओं को रामचरितमानस की प्रति भी भेंट स्वरूप प्रदान की गई, जिससे उनमें आध्यात्मिक चेतना एवं नैतिक मूल्यों का संचार हो सके। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रिखीराम साहू, हीरालाल साहू, विश्राम साहू, भारत साहू, मनोरमा साहू, परस चौहान, नीलाराम ठाकुर, अमर साहू सहित कई अन्य गायत्री परिजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों तक आध्यात्मिक एवं नैतिक शिक्षाओं का प्रसार करना तथा सेवा भाव से जुड़कर मानव कल्याण में योगदान देना है।

# इग्नाइट स्कूल में शिक्षक संकट का समाधान, भवन व संसाधन कराया उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

नगर में संचालित इग्नाइट स्कूल की समस्या को लेकर हरिभूमि की खबर का बड़ा असर हुआ है, दरअसल 17 जुलाई को हरिभूमि ने 84 बच्चों को पढ़ाती है एक शिक्षिका, शिक्षक की कमी से जूझ रहा इग्नाइट स्कूल हैडिंग से खबर का प्रकाशन किया गया था जिसपर शिक्षा विभाग ने तत्काल कार्रवाई किया है, जिसके बाद अब नये भवन,फर्नीचर व संसाधनों के साथ बेहतर ढंग से संचालित हो रहा है। शिक्षकों क्री वैकल्पिक व्यवस्था क्री गई है जिससे शिक्षकों की कमी दूर होने से बच्चों क्रो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल रही है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरविन्द ध्रुव ने बताया कि इग्नाइट स्कूल कक्षा पहली से 8 वी तक सेजेस स्कूल परिसर में संचालित है। प्राथमिक स्कूल में बिद्यार्थियों क्री दर्ज संख्या 83 है। प्राथमिक स्कूल में एक एवं मिडिल स्कूल में 2 शिक्षक पदस्थ है। वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में सेजेस स्कूल के शिक्षकों क्रो रिक्त कालखंड में पढ़ाने कहा गया है। इस तरह अब 6 शिक्षक यहां शिक्षण कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि डीएमएफ से लगभग 66 लाख रुपये क्री लागत से नए स्कूल भवन का निर्माण हुआ है इसके साथ ही नये फर्नीचर आदि क्री व्यवस्था क्री गई है। अब स्कूल के विद्यार्थी और उनके पालक ख़ुश हैं।

खबर का असर

**6 शिक्षकों के साथ अब बेहतर हो रहा स्कूल का संचालन**





## 17 सूत्रीय मांगों पर जल्द कार्रवाई की मांग, चरणबद्ध आंदोलन की दी चेतावनी

# जूनियर प्रशासनिक अधिकारियों ने उठाई बुनियादी संसाधनों की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में पदस्थ राजस्व, पंचायत तथा अन्य विभागों के कनिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने अपनी मूलभूत समस्याओं और संसाधनों की कमी को लेकर नाराजगी जाहिर की है। इस संबंध में जिला कार्यकारिणी, छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ जिला बलौदाबाजार - भाटापारा इकाई द्वारा 17 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन कलेक्टर दीपक सोनी को सौंपा गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा।



प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में उन्हें कई प्रकार की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जिनमें प्रमुख हैं – कार्यस्थल पर बुनियादी सुविधाओं का अभाव, पर्याप्त कार्यालय कक्ष, कंप्यूटर, प्रिंटर, फर्नीचर, इंटरनेट सुविधा, स्टेशनरी एवं मोबाइल भत्ता जैसे जरूरी संसाधनों की कमी। इसके चलते प्रशासनिक कार्यों के निष्पादन में बाधाएं उत्पन्न हो रही हैं।

संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि राजस्व विभाग, पंचायत विभाग, खाद्य विभाग और अन्य प्रशासनिक क्षेत्रों में कार्यरत कनिष्ठ अधिकारियों को अपने निजी संशाधनो से काम करना पड़ता है, जिससे मानसिक एवं आर्थिक तनाव उत्पन्न हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि शासन स्तर पर जारी प्रशिक्षण कार्यक्रम, कार्यभार और तकनीकी जिम्मेदारियों को देखते हुए सुविधाओं की अनुपलब्धता गंभीर चिंता का विषय है। इस दौरान कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के जिला कार्यकारिणी के अधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## कार्यकर्ता सम्मेलन में सांसद रामजी ने दिए संगठन को मजबूती के मंत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

आज के इस कार्यक्रम में बहुजन समाज पार्टी के नेशनल कॉर्डिनेटर एवं राज्यसभा के सांसद मा रामजी गौतम मुख्य अतिथि रहे, गौतम के द्वारा संगठन को मजबूत करने के लिए विशेष दिशा निर्देश दिया गया है।

- बूथ स्तर तक संगठन निर्माण के निर्देश, नए चेहरों का पार्टी में हुआ स्वागत

सेक्टर पोलिंग बूथों के संगठन को तैयार करके कैडर कैम्प सभी जगह लगाने के निर्देश दिया गया है। आज के कार्यक्रम की अध्यक्षता श्याम टंडन प्रदेश अध्यक्ष बसपा छत्तीसगढ़ के साथ ही आज बहुत से नए लोगों ने बहुजन समाज पार्टी की विचारधारा व माननीय बहन की नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुए हैं।

### ये रहे उपस्थित

विशिष्ट अतिथि में मनीष आनंद केंद्रीय स्टेट कॉर्डिनेटर एवं अन्य विशिष्ट अतिथि के रूप में दाऊराम रत्नाकर केंद्रीय स्टेट कॉर्डिनेटर, लता गेडाम केंद्रीय स्टेट कॉर्डिनेटर, दुजराम बौद्ध पूर्व विधायक, इंदु बंजारे, पूर्व विधायक, लालसाय खूंटे, पूर्व विधायक रामेश्वर खरे, पूर्व विधायक हेमंत पोयाम पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, ओ पी बाजपेई, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष देवलाल सोनवंशी, प्रदेश उपाध्यक्ष सदानंद मार्कण्डेय, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बसपा राधेश्याम सूर्यवंशी, तथा सभी जोन प्रभारी, सभी जिलों के जिला प्रभारी, सभी जिलों के जिला अध्यक्ष गण, विधानसभा अध्यक्षों की गरिमामई उपस्थिति रही है।

## डॉ खूबचंद बघेल की 125वीं जयंती पर कुर्मी समाज ने दी श्रद्धांजलि

**नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने किया माल्यार्पण**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ के महान विचारक एवं जन सेवक डॉ. खूबचंद बघेल जी के 125 वीं जन्म जयंती के अवसर पर नगर पालिका द्वारा स्थापित उद्यान में डॉ. खूबचंद बघेल के आदम कद प्रतिमा पर नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन के द्वारा माल्यार्पण कर 125 वीं जन्म जयंती मनाई गई व श्रद्धा सुमन अर्पित की गई ।

डॉ. खूबचंद बघेल जी के योगदान को छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी समाज व छत्तीसगढ़ राज्य के लिए अविस्मरणीय बताया गया, बहुत सारे सामाजिक प्रतिबंधनों एवं प्रचलित प्रथाओं को समाप्त करने में डॉ. खूबचंद बघेल जी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्हीं की प्रेरणा से आज समाज की उनके आदर्शों पर चलने कृत संकल्पित है कहते हुए उनके आदर्शों का स्मरण किया गया।

### ये रहे उपस्थित

इस दौरान नगर पालिका के पार्षद श्रद्धा मनीष वर्मा, डिगेश्वरी रविंद्र नामदेव, टेसूलाल धुरंधर, बलौदाबाजार राज प्रधान सुनीता वर्मा, नरसिंह वर्मा, हरिश्चंद्र वर्मा, महेश वर्मा, रूपेंद्र वर्मा, अधिवक्ता रूबी वर्मा, तामेश्वर वर्मा, खूबचंद सरसीहा, योगेश अग्रवाल, हितेश वर्मा, गोविंद पात्रे सहित समाज के नेता गणों के द्वारा पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके आदर्शों पर चलने स्मरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान समाज के अन्य वरिष्ठ एवं नागरिक गण एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# शाला लाहोद में बाल कैबिनेट का गठन, बच्चों ने चुने अपने मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लाहोद में शिक्षा के साथ-साथ लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति बच्चों में चेतना जागृत करने हेतु बाल केबिनेट का गठन अत्यंत उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। यह आयोजन बच्चों में नेतृत्व, उत्तरदायित्व एवं सहभागिता की भावना को विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होता है।

- राशि विश्वकर्मा बनी शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लाहोद की प्रधानमंत्री



यहाँ सभी कक्षाओं में बच्चों ने मतदान के माध्यम से अपने-अपने कक्षा कप्तान का चयन किया। इसके पश्चात पूरे विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने गुप्त मतदान द्वारा प्रधानमंत्री पद के लिए मत डाले। लोकतांत्रिक प्रक्रिया के पूर्ण पालन के साथ मतदान शांतिपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। जिसमें प्रधानमंत्री - राशि विश्वकर्मा 8वी, उप प्रधानमंत्री- ललिता विश्वकर्मा 8वी, शिक्षामंत्री- वंदना साहू 7वी, स्वास्थ्यमंत्री- कबीर साहू 7वी, खेलमंत्री- विशाल 8वी, बागवानी मंत्री- दिव्यांशी 8वी, भोजन मंत्री- यामिनी 8वी, संस्कृति मंत्री- कमेश्वरी साहू 8वी, इको क्लब व स्वच्छता मंत्री- देव साहू 8वी का चयन किया गया।

इस महत्त्वपूर्ण अवसर पर प्रधान पाठक मथुरा प्रसाद वर्मा ने संदेश कहा कि बाल केबिनेट बच्चों को नेतृत्व, उत्तरदायित्व और सेवा के लिए तैयार करने की प्रयोगशाला है। प्रार्थना सभा में सभी नव निर्वाचित बाल केबिनेट के मंत्रियों को प्राथमिक प्रधान पाठक संगीता पटेल के द्वारा पद का शपथ दिलाया गया।

## विद्यालय में शाला प्रबंधन समिति की हुई पहली बैठक

**अर्जुनी।** शासकीय नवीन पूर्व माध्यमिक शाला मिरगी में 19 जुलाई को शाला प्रबंधन समिति की प्रथम मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समिति के सदस्यों, पालकों और शिक्षकों की उपस्थिति सराहनीय रही। बैठक के दौरान महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। खासकर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास स्वच्छता उपस्थिति सुधार एवं शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने पर चर्चा हुई। बैठक के उपरांत शाला प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अपने करकमलों से सभी विद्यार्थियों को एक-एक सेट गणवेश वितरित किया और बच्चों को प्रतिदिन शाला गणवेश में आने के लिए प्रोत्साहित किया गया । निगरानी समुदाय से संवाद, स्कूल निधियों की पारदर्शिता सुनिश्चित करना, मिड-डे मील, छात्रवृत्ति, पोषण की गुणवत्ता जांचना, सभी सदस्यों के मोबाइल नंबर एकत्र कर शाला प्रबंधन समिति व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया। बैठक में पारदर्शिता और लोकतांत्रिक प्रक्रिया अपनाया गया। विद्यालय के प्रधान पाठक ईश्वर प्रसाद रजक एवं समिति अध्यक्ष लुकेश कुमार साहू ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में सामूहिक सहयोग की अपील की। बैठक में सह संयोजक गजपति प्रसाद ध्रुव शिक्षक हेमकुमार देवांगन सत्यनारायण बंजारे, उपाध्यक्ष चेतना साहू पंचायत प्रतिनिधि रौशन साहू उपसरपंच, सदस्य गण खिलावन साहू, उदेराम सेन, माधुरी वर्मा, मालती वर्मा, रिषी वर्मा, रमा ध्रुव आदि उपस्थित थे।



## बाल कैबिनेट गठित, छात्र बने मंत्री

**भटगांव ।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला डोकरीडीह में बाल कैबिनेट का विधिवत गठन किया गया। इस पहल के तहत विद्यार्थियों को विद्यालयीय प्रशासन की जिम्मेदारियों में सहभागी बनाने का प्रयास किया गया है। पूर्व माध्यमिक शाला में गौरव यादव को बाल प्रधानमंत्री चुना गया, वहीं देविका यादव को उप प्रधानमंत्री बनाया गया। इसके अलावा शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, स्वच्छता, जल, रक्षा और कृषि विभागों के लिए अलग-अलग छात्रों को मंत्री नियुक्त किया गया। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में बाल कैबिनेट के अंतर्गत प्रधानमंत्री गौरव यादव, उप प्रधानमंत्री देविका यादव, शिक्षा मंत्री यामिनी साहू, हिमांशी यादव, स्वास्थ्य मंत्री संगीता विश्वकर्मा दीपिका यादव, जल मंत्री लोकेश विश्वकर्मा, रूपेश मनहर, पुस्तकालय सिमरन, सांस्कृतिक मंत्री जागृति यादव, चित्रलेखा खेल मंत्री, वर्षा साहू रक्षा मंत्री, महेश्वर साहू जिज्ञासा यादव, बागवानी कृषि मंत्री चंद्र कुमार संजीत, स्वच्छता मंत्री दृष्टि साहू, हरिशंकर साहू, खोया पाया डीकेश योगेंद्र तथा कक्षा प्रतिनिधियों में कक्षा छठवीं कक्षा नायक रेखा यादव, उपकक्षा नायक रिहंत यादव, कक्षा सातवीं कक्षा नायक पूजा साहू, उपकक्षा नायक महेंद्र यादव, कक्षा आठवीं कक्षा नायक प्रेमानंद विश्वकर्मा, उप कक्षा नायक नंदनी यादव को बनाया गया है, इसी तरह प्राथमिक विभाग में प्रधानमंत्री शारदा साहू, शिक्षा मंत्री आकांक्षा यादव, स्वास्थ्य मंत्री पिया लहरें, रक्षा मंत्री योगेश कुमार, जल मंत्री आरूही यादव, संस्कृति मंत्री काजल यादव, खेल मंत्री विक्रम विश्वकर्मा, कृषि मंत्री तिलेश्वर यादव, पुस्तकालय मंत्री शिभय यादव तथा स्वच्छता मंत्री रूपेश कुमार यादव को बनाया गया है। उक्त की जानकारी देते हुए बाल कैबिनेट प्रमुख शिक्षक महेत्तर लाल देवांगन ने बताया कि सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। तथा सभी को अपने अपने पद व प्रतिष्ठा के अनुरूप कार्य करने के लिए शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर प्रधान पाठक मिडिल साधमति मिरी, प्राथमिक प्रधान पाठक चौथ राम कैवार्य, शिक्षक कमल देवांगन, महेत्तर लाल देवांगन, कोमल साहू एवं एस एम सी के अध्यक्ष व पदाधिकारी उपस्थित रहे।





## स्वच्छता कर्मियों का नगर अध्यक्ष गोपी साहू ने किया सम्मान

# स्वच्छ सर्वेक्षण में नपं पलारी को वन स्टार रेटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी




स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 के लिए स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर पंचायत पलारी को 1 स्टार रेटिंग के साथ प्रदेश में 27 वां स्थान मिला है । इस उपलब्धि के लिए नगर पंचायत के सीएमओ मनोज बंजारा सफाई दरोगा महेंद्र वर्मा सफाई कर्मचारी स्वीपर व सभी कर्मचारियों का जनप्रतिनिधियों ने सम्मान किया तथा स्वच्छता कर्मियों को रेनकोट, सुरक्षा कीट, साड़ी, जूता, भेंट कर सम्मान किया।

नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू ने सभी अधिकारी कर्मचारी सफाई दरोगा महेंद्र वर्मा सहित सफाई कर्मियों स्वच्छता कमांडो के सदस्यों को बधाई शुभकामनाएं दिया। तथा हर्ष व्यक्त करते हुए कहा, सफलता अभी छोटी है लेकिन हमारे स्वच्छता टीम का मनोबल बढ़ा है । आने वाले समय में और अच्छा प्रयास कर 3 स्टार 4 स्टार लाने का प्रयास करेंगे । यह सम्मान नगरवासियों की जागरूकता, सफाई कर्मियों स्वच्छता कमांडो की निरंतर मेहनत और प्रशासनिक प्रयासों का परिणाम है, हम सभी को इसी तरह मिलकर स्वच्छता को अपनी आदत और संस्कृति बनाना होगा। सीएमओ मनोज बंजारा ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर समर्पित स्वच्छता कर्मियों का धन्यवाद ज्ञापित कर उनकी अथक मेहनत और सेवा भाव के लिए हृदय से बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। यह सिर्फ सम्मान नहीं, नगरवासियों की जागरूकता और नगर पंचायत के परिश्रम का परिणाम है। नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा ने कहा कि अध्यक्ष गोपी साहू के मार्गदर्शन में सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत माह में एक दिन नगर के जनप्रतिनिधियों, व्यवसाई, वरिष्ठजन, अधिकारी कर्मचारियों द्वारा नगर के प्रमुख स्थलों का चिन्हांकित कर सामूहिक सफाई अभियान चला रहे है जो सराहनीय है। उक्त अवसर पर सभापति लेखु वर्मा, सभापति नेमसिंह बांधे, सभापति प्रतिभा धीरहे, पार्षद नारायण धीवर, पार्षद प्रतिनिधि पुनीत निषाद सहित नगर पंचायत कर्मचारी उपस्थित थे।

**प्रदेश में मिला 27वां स्थान**

# गैतरा में धूमधाम से मनाया गया ग्रीन डे



**खरोरा ।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अंश पब्लिक स्कूल, गैतरा में ग्रीन डे (हरित दिवस) का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और प्रकृति संरक्षण का महत्व समझाना था। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ग्राम की सरपंच द्रोपदी चंद्रवंशी रहीं। विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए तथा सभी ने मिलकर वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मुख्य अतिथियों सहित समस्त शिक्षक, शिक्षिकाएं और विद्यार्थियों ने पौधरोपण में भाग लिया और आने वाली पीढ़ियों के लिए हरित भविष्य की नींव रखी । कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की और सभी को नियमित रूप से पौधों की देखभाल करने की शपथ दिलाई।

**खबर संक्षेप**

## खोमेश साहू को मिली पीएचडी की उपाधि

**पलारी।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, योग विभाग के रिसर्च स्कॉलर खोमेश साहू को प्रो. भगवन्त सिंह, से.नि. आचार्य एवं विभागाध्यक्ष के शोध निर्देशन में अवसाद रोग का योगा पचार पर पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। पीएचडी की मौखिकी परीक्षा इलाहाबाद यूनिवर्सिटी, उत्तरप्रदेश के प्रो. गोपाल साहू व प्रो. एल.एस. गजपाल, विभागाध्यक्ष, क्षेत्रीय अध्ययन शाला, रायपुर के पर्यवेक्षण में सम्पन्न हुआ। मौखिकी परीक्षा में खोमेश साहू ने बताया कि अवसाद के उपचार में रोगी को अंतर्मुखी से बहिर्मुखी बनाने हेतु उत्साहवर्धन आसन, सूर्य नमस्कार, भस्त्रिका, सूर्यभेदी प्राणायाम, महामृत्युंजय मंत्र जाप करना चाहिए। छत्तीसगढ़ में योग के रहे प्रथम यूजीसी जेआरएफ खोमेश साहू योग विषय में यूजीसी-जेआरएफ निकालने वाले छत्तीसगढ़ राज्य के प्रथम प्रतिभागी है। जून, 2019 में उन्होंने 72 प्रतिशत के साथ जनरल कोटे से यह कीर्तिमान स्थापित किया था। जो अन्य विद्यार्थियों के लिए सदैव प्रेरणा का विषय बना रहा। 30 वर्ष की उम्र में पीएचडी प्राप्त करने वाले वह योग के पहले उपाधि धारी बन गए है।

**पेज 7 के शेष**

### कलयुगी बेटे ने...

गया और हत्या की साजिश स्वीकार की। उसने बताया कि मंझलीबाई उसके खिलाफ लगातार शिकायतें करती थी जिससे वह परेशान था। पत्नी नोनी बाई के साथ मिलकर उसने गांव के राजा कुर्रे को हत्या के लिए 40 हजार रुपये की सुपारी दी, जिसने अपने साथी सावनदास मानिकपुरी के साथ मिलकर मंझलीबाई की गला घोंटकर हत्या कर दी। हत्या को आत्महत्या दिखाने के लिए आरोपियों ने शव के हाथ में चाबी वाली चूड़ी फंसा दी और दरवाजा अंदर से बंद कर खिड़की से फरार हो गए। सुबह गांव वालों को खबर दी गई कि मंझली बाई की स्वाभाविक मौत हो गई है। लेकिन पुलिस की सूझबूझ, तकनीकी साक्ष्य और गांव वालों के बयानों ने पूरी साजिश को उजागर कर दिया। पुलिस ने इस मामले में भजनलाल कठौतिया (48), उसकी पत्नी नोनीबाई (45), राजा कुर्रे (20) और सावनदास मानिकपुरी (24) सभी निवासी पंड्रीपाली को हत्या और साजिश के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपियों पर बीएनएस की धारा 103(1), 238 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

### गैस गोदाम के...

की घटना करना स्वीकार किया गया। पुलिस ने आरोपी से घटना में प्रयुक्त एक बटनदार चाकू तथा लूटे गए रकम में से 1500 बरामद कर है। न्यायालय में पेश कर रिमांड में लिया गया है तथा प्रकरण में फरार एक आरोपी की सरगर्मी से पता तलाश की जा रही है।

### शराब के अवैध ...

सुविधा उपलब्ध कराकर अवैध रूप से शराब पिलाने वाले तथा सार्वजनिक स्थल पर बैठकर शराब पीने वाले कुल 10 आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही किया गया है। पकड़े गए सभी 10 आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत विधिवत कार्यवाही किया गया है।

**पौधारोपण : सामाजिक चेतना और निस्वार्थ सेवा की मिसाल पेश कर रहा संगठन**

# संकटमोचन परिवार ने मुक्तिधाम में किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा





ग्राम कठिया नं. 1 में विगत 4-5 वर्षों से संकट मोचन परिवार नामक एक सामाजिक सेवा समूह निरंतर निस्वार्थ भाव से गांव के सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक विकास में सक्रिय योगदान दे रहा है। यह समूह आई.पी. वर्मा, तुलसीराम वर्मा एवं किशोर बघेल के संरक्षण में संचालित हो रहा है, जिसका उद्देश्य ग्राम वासियों के बीच सहयोग, समर्पण और सामाजिक एकता को बढ़ावा देना है।

समूह द्वारा गांव के मुक्तिधाम में लोहे की जाली से घेरा बनाकर वृक्षारोपण करते हुए एक सुंदर गार्डन का निर्माण किया गया है। गर्मियों में पानी की समुचित व्यवस्था एवं समय-समय पर सफाई का कार्य भी स्वयं के प्रयासों से किया जाता है। संकट मोचन परिवार का योगदान केवल श्मशान भूमि तक सीमित नहीं है। गांव के गरीब एवं असहाय परिवारों को शोक की घड़ी में आर्थिक सहयोग व खाद्य सामग्री प्रदान करना, दीपावली और होली जैसे त्योहारों में राशन सामग्री वितरण करना, ठंड के मौसम में बुजुर्गों को गर्म कपड़े प्रदान करना, तीजा व पोला पर्व पर महिलाओं को साड़ी वितरण तथा बेटियों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर उन्हें प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार और वस्त्र भेंट करना – यह सब इस समूह की सेवा भावना का प्रमाण है। धार्मिक क्षेत्र में भी समूह की सक्रिय भागीदारी सराहनीय है। गांव में श्री राम कथा, रामलीला, श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ, महाशिवरात्रि पर हवन-पूजन, शनि मंदिर निर्माण तथा हनुमान मंदिर के जीर्णोद्धार में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया गया है।

**समर्पित ग्रामीणों से मिलकर बनी है समिति**

अध्यक्ष डोमार सिंह वर्मा के नेतृत्व में तिलक बघेल, अशोक वर्मा, प्रेमलाल साहू, ललित वर्मा, रिसब्या, शिव, उकेश, हीरा, गजेन्द्र, लाल, अर्जुन, कुमार, नारायण, डॉ हरीश वर्मा एवं अन्य सदस्यों ने मिलकर इस संगठन को सेवा का एक सशक्त माध्यम बना दिया है। संकट मोचन परिवार ग्राम कठिया नं. 1 में सेवा, सहयोग और संस्कार का प्रतीक बन चुका है, जो न केवल प्रेरणा का स्रोत है बल्कि ग्रामीण विकास का जीवंत उदाहरण भी प्रस्तुत करता है।



## श्री सर्वेश्वरी समूह ने किया पौधारोपण



**भाटापारा।** श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा भाटापारा द्वारा प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी वर्षाऋतु में वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण मारवाड़ी मुक्ति धाम में किया गया जिसमें बरगद पीपल नीम व अशोक के पेड़ लगाए गए। 110 वृक्षों के रोपण हेतु पूर्व में ही व्यापक स्तर पर तैयारी की गई थी तथा वृक्षों के पल्लवित होने तक उन्हें संरक्षित रखा जाएगा। श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा भाटापारा द्वारा अब तक करीब 1 लाख वृक्षों को पुष्पित संरक्षित तथा पल्लवित किया जा चुका है। पर्यावरण पोषित जनहित के इस कार्य में भाटापारा नपाध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर पूज्य अघोरेश्वर महाप्रभु की पूजा अर्चना आरती बाद रोपित किए जाने वाले वृक्षों की पूजा की फिर अपने उद्बोधन में पर्यावरण संतुलन हेतु वृक्षों के संवर्धन तथा संरक्षण को जरूरी बताया। कार्यक्रम की सफलता में सभी समूह सदस्यों का योगदान सराहनीय रहा।

# पलारी में हुई सर्व युवा यादव समाज की जिला स्तरीय बैठक

- वृक्षारोपण कर पर्यावरण के प्रति दिया संदेश



**पलारी।** सर्व युवा यादव समाज का जिला स्तरीय बैठक सर्व यादव समाज प्रांताध्यक्ष रमेश यदु एवं युवा प्रदेशाध्यक्ष परमेश्वर यादव के निर्देश पर गायत्री मंदिर पलारी में युवा जिलाध्यक्ष उमेश यदु के नेतृत्व में सम्पन्न हुई।

बैठक में प्रमुख रूप से कार्यकारी अध्यक्ष बोधन यादव,कोषाध्यक्ष हरीश यादव, जिला महामंत्री राजकुमार यदु, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि भीम यादव, युवा प्रदेश महामंत्री लोकेश यदु,संगठन मंत्री प्रशांत यादव,प्रदेश कार्यकरणी सदस्य दिनेश यादव, भावेश यादव, प्राधिकृत अधिकारी मुन्ना यादव, इतवारी यादव का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। बैठक संचालन ब्लाक अध्यक्ष पलारी मिनेंद्र यादव द्वारा किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की आरती दीप प्रज्वलन कर बैठक प्रारंभ किया गया। समाज के सभी पदाधिकारी ने एकजूटता पर जोर देते हुए आगामी कार्यक्रम कृष्ण जन्माष्टमी गांव गांव में भव्य रूप से मनाने ब्लाक स्तर पर वृक्षारोपण प्रत्येक गांव से युवा सदस्य बनाने के पश्चात जिला स्तर एवं ब्लाक स्तर पर पदाधिकारियों का गठन का निर्णय लिया गया। साथ ही अलग-अलग दिनों में ब्लॉक स्तर पर बैठक कर युवा नेतृत्व को आगे कर आगामी कार्यक्रम सुचारू रूप से क्रियान्वयन करने कहा गया। बैठक में जिले भर से युवा यादव समाज के प्रतिनिधि भाग लिए।

**ये रहे उपस्थित**

जिसमें प्रमुख रूप से गौतम यादव, मोहन यादव, आजूराम यादव, हरिकीर्तन यादव, भूमेश, धेनुसेवक, रितेश यादव, रवि यादव, गिरीश यादव, हीरेंद्र यादव, जितेंद्र यदु, डाकेश यदु, सोनू यदु, मोहन यादव, रवि यादव, वेदप्रकाश यादव, रोहित यादव, अनूप यादव ,रंजीत यादव, चम्मन यादव, देवेंद्र यादव, सनातन यादव, दुर्गेश यादव, सुरेश यादव, धीरज यादव, संजय यादव, हर्षित यादव, सेवक यादव, त्रिलोक यादव, घनश्याम यादव , गुंजन यादव ,भूपेंद्र यादव, कृष्ण कुमार यादव, अनूप यादव, सहित बड़ी संख्या में युवा यादव समाज लोग उपस्थित रहे।

## संडी में लगा विशाल रक्तदान शिविर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

विशाल रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर का आयोजन मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल संडी की संयोजन में कुल 46 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। महामाया समिति ग्राम मुड़पार संडी के सदस्यों एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लेते हुए समाजसेवा की मिसाल पेश की। आयोजित कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए कुल 46 यूनिट रक्तदान किया। इस सेवा कार्य के लिए संस्था प्रमुख डॉ साहू ने सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र और हेलमेट भेंट कर उनका सम्मान किया और युवाओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक भी किया। इस अवसर डॉ उमेश चंद्राकर, अजय वर्मा, डॉ साहू, डॉ रवि, ताराचंद साहू, नरेश साहू, कन्हैया साहू, मनोज साहू, डोमन साहू, डॉ बिसम्भर साहू, उमेश साहू, पुनेश्वर साहू, दुष्यन्त साहू, सहित बड़ी संख्या में लोगो की उपस्थित उपस्थिति रही।

## महिला समूह ने मोहभट्ठा में चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

विकासखंड सिमगा के ग्राम मोहभट्ठा में स्वच्छता का अलख जगाते हुए संतोषी महिला समूह के द्वारा गांव के चौक चौराहे, गली मोहल्ले, स्कूल, ग्राम पंचायत सोसायटी के आसपास आंगनबाड़ी, कुआं, हैंडपंप व तालाबों को मौसमी बीमारी से बचाने और गांव में साफ-सफाई रखने के उद्देश्य से समूह के सभी सदस्यों ने स्वच्छता अभियान चलाकर सार्वजनिक स्थान के आसपास सफाई कर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। बरसात के मौसम में गंदगी से होने वाली विभिन्न बीमारियों की संभावनाओं को देखते हुए समूह की महिलाओं द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। उक्त अभियान में नेहा वर्मा, अंजू यादव, सरिता यादव, गायत्री यदु, निरुपमा वर्मा का विशेष सहयोग रहा।



## भाजपा शासन के डेढ़ साल में चौथी बार बिजली बिल में बढ़ोतरी



**सिमगा ।** बहुजन आंदोलन पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पप्पू अली ने बिजली के मुद्दे पर भाजपा सरकार को घेरते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने डेढ़ साल के कार्यकाल में चार बार बिजली बिल बढ़ाया है आगे साढ़े तीन साल में और कितनी बार बिजली बिल बढ़ाएगीयह तो आने वाला वक्त ही बताएगा । अली ने बताया कि सरकार दस से बीस पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि करने जा रही है साथ ही बिजली उपभोक्ताओं को एक बार फिर लूटने का काम भाजपा सरकार ने किया है। घरेलू खपत पर दस से बीस पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है, गैर घरेलू बिजली की दर पच्चीस पैसे प्रति यूनिट महंगी कर दी गई है। सर्वाधिक बढ़ोतरी कृषि पंप के बिजली के दाम में पचास पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है। छत्तीसगढ़ के किसान इस सरकार की दुर्भावना और उपेक्षा के चलते पहले ही खाद,बिज बिजली कटौती से परेशान है और अब कृषि पंप में बिजली की दर बढ़ाकर किसानों की कमर तोड़ रही है।

## राष्ट्रीय शाला क्रीड़ा प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

68 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों ने कुराश एवं नेट बॉल में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीते। इन विजेता खिलाड़ियों को कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, जांजगीर - चाम्पा सांसद कमलेश जांगड़े ने शनिवार क़ो संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। इसके पूर्व कलेक्टर दीपक सोनी ने राज्य सरकार की ओर दी गई पुरस्कार राशि का चेक खिलाड़ियों क़ो प्रदान किया। इस दौरान स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को 21 हजार रुपये, रजत पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को 15 हजार रुपये और कांस्य पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को 10 हजार रुपये का चेक दिया गया।

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को प्रसार कार्य हेतु भाटापारा शहर में 05 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000
दिनांक - 19 जुलाई से 22 जुलाई 2025
समय - सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक
Resume Whatsapp करें
98271-66722
99262-91392
आयुष न्यूज एजेंसी
जयस्तंभ चौक, भाटापारा (छ.ग.)

**10 वर्षों से शौचालय विहीन स्कूल, छत टपकने से बच्चों की पढ़ाई बाधित**

# डोकरीडीह मिडिल स्कूल प्रशासनिक अनदेखी से हुआ बदहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

राज्य और केंद्र सरकार जहां बच्चों की समग्र शिक्षा के लिए बहुआयामी योजनाएं चला रही हैं, वहीं जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ के ग्राम डोकरीडीह का मिडिल स्कूल प्रशासनिक उपेक्षा का शिकार बना हुआ है। विगत 10 से 12 वर्षों से विद्यालय में शौचालय नहीं है, जिससे बच्चों को भारी असुविधा हो रही है। इसके साथ ही विद्यालय भवन की हालत जर्जर हो चुकी है, छत का प्लास्टर गिर रहा है, बारिश में पानी टपकता है और अहाता पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है। ऐसे में पढ़ाई प्रभावित हो रही है और बच्चों को स्वच्छता जैसे मूलभूत अधिकारों से भी वंचित रहना पड़ रहा है।पालकों और बच्चों द्वारा मार्च 2024 से लेकर जुलाई 2024 तक चार बार आवेदन देकर जिला प्रशासन से शौचालय निर्माण की मांग की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। न केवल शौचालय की कमी है, बल्कि स्कूल भवन की मरम्मत और सुरक्षा की व्यवस्था भी न के बराबर है। पालक संघ का कहना है कि कलेक्टर जनदर्शन में भी उन्होंने गुहार लगाई थी, लेकिन वादे के बावजूद धरातल पर कोई कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है।







**छत टपकने की वजह से बरसात में पढ़ाई हो रही प्रभावित**

विद्यालय की छत से बारिश के दिनों में पानी टपकने लगता है, जिससे कक्षा संचालन असंभव हो जाता है। छत का प्लास्टर भी गिर चुका है, जिससे बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी गंभीर खतरा बना हुआ है। यह स्थिति न केवल बच्चों के स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक है बल्कि उनके मानसिक और बौद्धिक विकास पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है।

### जानकारी लेता हूं

मैं जिला शिक्षा अधिकारी से दिखवाता हूं और उसकी जानकारी लेता हूं।

**-संजय कन्नौजे,** कलेक्टर सारंगढ़ बिलाईगढ़

### काम होगा चालू

नये शौचालय के लिए प्रस्ताव बनाया गया है और बिल्डिंग मरम्मत के लिए प्रस्ताव बनाया गया है, टेंडर के लिए आर ई एस बात चल रहा है। पानी गिरते रहेगा फिर भी एक सप्ताह मे काम चालू हो जायेगा।

**-नरेश चौहान,** जिला मिशन समन्वयक

### करेंगे कार्रवाई

प्रस्ताव मंगा कर जांच करूंगा और जांच करके आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

**-जेआर डहरिया,** डीईओ, सारंगढ़

### नहीं आया कोई लेटर

कलेक्टर कार्य से अभी तक मेरे पास कोई लेटर नहीं आया है। बिलाईगढ़ ब्लॉक मे जितने भी स्कूल है जहां जहां शौचालय की कमी, स्कूल भवन जर्जर और अतिरिक्त भवन के लिए प्रस्ताव भेज चुके है। लेकिन अभी तक जिले से कोई जवाब नही आया है। कलेक्टर साहब को भी बोले है वो चाहे तो किसी भी फंड से एक लाख शौचालय के लिए दे सकते है।

**-एसएनसाहू,** बीईओ, बिलाईगढ़

### नहीं हो रही कार्रवाई

हम जिला मे प्रस्ताव भेज चुके है और जिला से कोई कार्यवाही नहीं कर रहे है। स्कूल मरम्मत के लिए ब्लॉक स्तर से मांग के आधार पर आवेदन प्रस्तुत किया गया है, अब तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। जिला शिक्षा अधिकारी के आदेश पर होना है।

**-फणेन्द्र सिंह नेताम,** बीआरसीसी बिलाईगढ़

**खबर संक्षेप**

### तेजश साहू ने जेईई एडवांस में प्राप्त किया 6605 रैंक



**लवन।** ग्राम पेंड्रावन निवासी घनश्याम साहू (शिक्षक), तुलसी साहू के मेधावी सुपुत्र तेजश साहू नें जेईई एडवांस में 6605 रैंक प्राप्त किया। काउंसलिंग में तेजश साहू को बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी आईआईटी में इलेक्ट्रिकल ब्रांच में प्रवेश मिला है। बचपन से ही मेधावी छात्र तेजेश साहू की प्राथमिक शिक्षा शासकीय प्राथमिक शाला सरधा भांठा में हुआ। कक्षा 6वीं से 12वीं तक की पढ़ाई जवाहर नवोदय विद्यालय लवन बलौदाबाजार में हुआ। हायर सेकेंडरी परीक्षा में 95.6% प्राप्त किया था। जेईई मेंस में 99.648 परसेंट प्राप्त कर आल इंडिया रैंक 5534 प्राप्त किया। नवोदय विद्यालय, भारत सरकार द्वारा स्थापित आवासीय विद्यालय हैं, जो प्रतिभाशाली छात्रों को मुफ्त शिक्षा, भोजन और आवास प्रदान करते हैं। ये विद्यालय सीबीएसई से संबद्ध हैं और कक्षा 6 से 12 तक की शिक्षा प्रदान करते हैं।

### राज्य स्तरीय एडवांस स्काउट-गाइड प्रशिक्षण आज से

**गोपालपुर** । शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खम्हरिया में राज्य स्तरीय एडवांस स्काउट मास्टर, गाइड कैप्टन, रोवर-रेंजर लीडर का सात दिवसीय प्रशिक्षण 21 जुलाई से 27 जुलाई 2025 तक आयोजित है। भारत स्काउट गाइड छत्तीसगढ़ जिला संघ की मांग पर जिले में पहली बार एडवांस प्रशिक्षण का आयोजन हो रहा है। इस प्रशिक्षण में वे प्रशिक्षणार्थी भाग ले सकते हैं जो बेसिक कोर्स किया हो और जिनके पास चार्टर, वारंट एवं बीएसजी यूआईडी नंबर मौजूद हो। प्रशिक्षणार्थी को शिविर शुल्क के रूप में 1050 रुपये एवं विशेष शुल्क 180 रूपये स्काउट निधि, शाला अनुदान एवं स्वयं से देय होगा।गाइड विभाग के लिए एएलटी शिवानी गनवीर राज्य संयुक्त सचिव राज्य मुख्यालय, स्काउट विभाग के लिए एलटी गिरीश कुमार पाढ़ी महासमुंद, रोवर विभाग एएलटी राज किशोर स्वर्णकार रायगढ़ एवं रेंजर विभाग एएलटी उत्तरा मानिकपुरी कोरबा को शिविर संचालक नियुक्त किया गया है।

### राज्य पीआरओ बनाए गए सुरेंद्र यादव



**सिमगा** । राष्ट्रीय मानवाधिकार अपराध एवं भ्रष्टाचार विरोधी ब्यूरो के जिला जनसंपर्क अधिकारी सुरेंद्र यादव का संगठन के प्रति लगन व कार्यकुशलता और मानवाधिकार पर सजगता के चलते उन्हें राज्य स्तर पर एक नई जवाबदारी दी गयी है। यादव को छ.ग. राज्य पीआरओ के पद पर पदोन्नत किया गया है। इसके साथ ही राष्ट्रीय मानवाधिकार अपराध एवं भ्रष्टाचार विरोधी ब्यूरो नई दिल्ली (संगठन) द्वारा पिछले 9 माह में दूसरी बार प्रमोट किया गया है। यादव को नई जवाबदारी मिलने पर जिला बलौदाबाजार भाटापारा सिमगा सुहेला के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने बधाई प्रेषित करते हुए कहा कि उनके संगठन को और भी मजबूती मिलेगी।

# बाल अधिकारों और न्याय व्यवस्था पर स्कूली बच्चों को मिली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

- हाई स्कूल चरौदा में आयोजित हुआ व्याख्यान कार्यक्रम

शासकीय हाई स्कूल चरौदा में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस के अवसर पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संतोष कन्नौजे (अतिरिक्त शासकीय अधिवक्ता, बलौदाबाजार-भाटापारा) ने न्याय व्यवस्था के मूल सिद्धांत, अपराध की प्रकृति और उससे संबंधित दंड के प्रावधानों पर बच्चों को सरल भाषा में जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से बाल अपराध, साइबर अपराध एवं किशोर न्याय अधिनियम से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं को विस्तार से समझाया।मुख्य अतिथि ने अपने व्याख्यान में बताया कि न्याय व्यवस्था क्या है किस अपराध के लिए क्या सजा है एवं उन्होंने विशेष तौर पर बच्चों को बाल अपराध संबंधी नियम और कानून बताएं साथ ही उन्होंने बताया की क्यों अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस मनाया जाता है कैसे इसकी शुरुआत हुई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ स्काउट गाइड के बच्चे तथा आसपास की महिला शक्ति भी शामिल हुई अपने अधिकारों के बारे में सवाल अधिवक्ता से पूछा बच्चों के मन में उठ रहे सवालों का भी जवाब दिया।

## अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस पर स्काउट्स-गाइड्स ने जागरूकता फैलाने का उठाया बीड़ा




### इनके मार्गदर्शन में हुआ व्याख्यान

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव व राज्य सचिव कैलाश सोनी, जिला मुख्य आयुक्त डॉ अजय राव, जिला शिक्षा अधिकारी संजय गुहे एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी नरेश वर्मा जिला आयुक्त गाइड वंदना तिवारी, जिला सचिव डॉ जगदीश कुमार साहू, संयुक्त जिला सचिव कीर्ति वर्मा के निर्देसानुसार एवं जिला संगठन आयुक्त स्काउट सूरज कसार, जिला संगठन आयुक्त गाइड, नेहा उपाध्याय, जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट मनीष बघेल, जिला प्रशिक्षण गाइड रजनी कला पाटकर एवं शाला प्रभारी शासकीय हाई स्कूल चरोदा, कविता ध्रुव ब्लॉक सचिव पलारी स्काउट व गाइड संजीव पटेल एवं गाइड कैप्टन नेहा उपाध्याय के मार्गदर्शन में शासकीय हाई स्कूल चरौदा में अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस के अवसर पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।

## कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन, सरकार से शीघ्र निर्णय की मांग

# संविदा शिक्षकों का सांकेतिक धरना वेतनमान व नियमितीकरण की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में कार्यरत संविदा शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने आज छत्तीसगढ़ स्वामी आत्मानंद संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी संघ के बैनर तले एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन कर माननीय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम जिला कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा।

यह धरना संघ के संरक्षक तापस राय के मार्गदर्शन एवं प्रदेश अध्यक्ष दुर्योधन यादव के निर्देशन, हरिओम शर्मा संभाग महासचिव, बलौदाबाजार जिला अध्यक्ष ऐश्वर्य शर्मा, उपाध्यक्ष रमाकांत कोसले, राहुल यादव के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न स्वामी आत्मानंद स्कूलों से आए संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।इनकी **रही भागीदारी, सभी ने एकजुटता का दिया संदेशः** कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख पदाधिकारी गुंजन बिजोरा रायपुर संभाग सचिव, कौशल पटेल प्रदेश कार्यकारिणी, उमाशंकर साहू सचिव, प्रखर शास्त्री कोषाध्यक्ष, विक्की प्रधान संयुक्त सचिव, खिलेश वर्मा मीडिया प्रभारी सहित शिक्षक सविता नायक, केसर पटेल, रेखा जसवानी, डिंपल होतवानी, आदि महिला शक्ति एवं कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी रही। सभी ने एकजुटता के साथ यह संदेश दिया कि जब तक मांगे पूरी नही होती, तब तक संघ का संघर्ष जारी रहेगा। संघ ने प्रदेश सरकार से अपील की है कि शिक्षकों की न्याय संगत मांगों पर संवेदनशील होकर विचार किया जाए और शीघ्र समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं अन्यथा भविष्य में हम अपने हक और अधिकारों के लिए जमीनी लड़ाई लड़ने को मजबूर होंगे।

### अगर मांगे नहीं मानी गईं तो 1 अगस्त से होगा अनिश्चितकालीन आंदोलनः शिक्षक




**संविलियन व नियमितीकरण की मांग** सांकेतिक धरना के माध्यम से संघ ने अपनी दो सूत्रीय प्रमुख मांगों को दोहराया। पहली मांग नियमित वेतन वृद्धि एवं वेतनमान निर्धारण की है, जिसमें शिक्षकों ने बताया कि वे विगत कई वर्षों से पूर्णकालिक सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन उन्हें न तो वेतनमान मिला है और न ही कोई वार्षिक वेतनवृद्धि सुनिश्चित की गई है। दूसरी मांग शिक्षा विभाग में समावेशन (संविलियन) एवं नियमितीकरण की है, जिसे पूर्व शिक्षा मंत्री एवं वर्तमान सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने भी सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया था। संघ ने मांग की है कि सभी संविदा शिक्षकों एवं कर्मचारियों को शिक्षा विभाग में समाहित कर नियमित किया जाए, जिससे उन्हें सेवा सुरक्षा मिल सके और वे बिना भय के प्रदेश की शिक्षा गुणवत्ता में योगदान दे सकें। संघ ने यह भी घोषणा है कि यदि समय रहते इन मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो 1 अगस्त 2025 से राजधानी रायपुर में प्रदेश स्तरीय अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें पूरे छत्तीसगढ़ से शिक्षक-कर्मचारी शामिल होंगे। यह आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण और न्यायसंगत होगा।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नवीन कार्यकारिणी का हुआ गठन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

- लक्ष्मी मानिकपुरी बनी नगर मंत्री
- 77 वर्षों से राष्ट्रनिर्माण के पथ पर अग्रसर विद्यार्थी परिषद

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्व के सबसे बड़े राष्ट्रवादी छात्र संगठन निरंतर 77 वर्षों से राष्ट्रीय पुनर्निर्माण की ध्येय को लेकर समाज की बीच कार्य कर रही हैं । विद्यार्थियों की व्यक्तित्व विकास के कार्य को लेकर युवाओं में राष्ट्रभक्ति जागृत हो इसी विचार को लेकर भाटापारा इकाई की नवीन कार्यकारिणी की गई घोषणा की गई जिसमें कार्यकर्ताओं को नवीन जिम्मेदारी दी गई।

जिसमें मुख्य रूप से राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं प्रांत छात्रा प्रमुख राशि त्रिवेदी, बलौदा बाजार विभाग संयोजक राधेश्याम साहू, बलौदा बाजार जिला संयोजक फाल्गुनी सोनी उपस्थित रहे। राशि त्रिवेदी ने कार्यकर्ताओं को संगठन के प्रति समर्पित होकर कार्य करने को कहा।

वह आगामी कार्यक्रमों के बारे में कार्यकर्ताओं से चर्चा की। विभाग संयोजक राधेश्याम साहू ने विद्यार्थी परिषद के बारे में विस्तृत जानकारी कार्यकर्ताओं के साथ साझा की वह विद्यार्थी परिषद के कार्य पद्धति से कार्यकर्ताओं को अवगत करवाया।

### कार्यकारिणी की हुई घोषणा

जिला संयोजक फाल्गुनी सोनी ने नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की जिसमें नगर अध्यक्ष सोमेश सिन्हा, नगर मंत्री लक्ष्मी मानिकपुरी, नगर सह मंत्री हरिओम मिश्रा, संस्कार सोनी व कनिका मिश्रा, नगर कार्यालय मंत्री उमेंद्र साहू, कार्यालय सह मंत्री वेदांत वर्मा, एसएफएस प्रमुख रोशनी सोनी, सह प्रमुख खुशबू साहू, एसएफडी प्रमुख दीपेश शर्मा, राष्ट्रीय कला मंच प्रमुख साक्षी निर्मलकर, सह प्रमुख लीना राजपूत, खेलो भारत प्रमुख अरुण कुमार, सह प्रमुख दामिनी साहू, सोशल मीडिया प्रमुख संजू चतुर्वेदी, सह प्रमुख संजू साहू, एनएसएस प्रमुख भारतीय नौरंगी, अग्रविजियन प्रमुख राजदीप गौरा रहे। नवीन दायित्वान कार्यकर्ताओं को नगर के सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों से नगर के प्रमुख लोगों ने बधाई शुभकामनाएं प्रेषित किया।

# विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे मंत्री टंकराम वर्मा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- समाज के प्रतिनिधियों ने सर्किट हाउस में पुष्पगुच्छ भेंट कर दिया आमंत्रण
- 24 अगस्त को जिला ऑडिटोरियम बलौदाबाजार में होगा आयोजन

कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा, खेल कूद युवा कल्याण राजस्व मंत्री छत्तीसगढ़ शासन से सर्व आदिवासी समाज जिला इकाई बलौदाबाजार के प्रतिनिधि मण्डल ने सर्किट हॉउस बलौदाबाजार पहुंचकर-पुष्पगुच्छ से स्वागत कर बधाई दी । साथ ही आने वाले 24 अगस्त 2025 को जिला स्तरीय विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम जिला आडिटोरियम बलौदाबाजार मे अतिथि के रूप मे निमंत्रण दिया एवं माननीय मंत्री सहस्वीकार करते हुए कार्यक्रम मे आने सहमति प्रदान किया । इस अवसर पर सर्व आदिवासी समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश ध्रुव, जिलाध्यक्ष भूपेंद्र ध्रुवंशी, जिला उपाध्यक्ष भानु ध्रुव, जिला सचिव राधा ध्रुव, जिला कोषाध्यक्ष अभय लाल ध्रुव, युवा प्रभाग जिलाध्यक्ष संतोष ध्रुव, समाजसेवी दया राम ध्रुव, भवानी ध्रुव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# सिटी कोतवाली पुलिस ने किया वृद्ध महिला का अंतिम संस्कार

**बलौदाबाजार।** थाना सिटी कोतवाली पुलिस अधिकारियों ने मानवता और सेवा भाव का उदाहरण प्रस्तुत किया है। जिला अस्पताल बलौदाबाजार में इलाज के दौरान दम तोड़ने वाली एक असहाय वृद्ध महिला के अंतिम संस्कार का दायित्व स्वयं पुलिसकर्मियों ने उठाया और पूरे विधि-विधान के साथ उसे अंतिम विदाई दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम शुक्ला भाठा निवासी 75 वर्षीय वृद्धा जूगाबाई धृतलहरे को दिनांक 05 अप्रैल 2025 को इलाज हेतु जिला अस्पताल बलौदाबाजार में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान दिनांक 18 जुलाई 2025 को उनकी मृत्यु हो गई। जब अस्पताल प्रशासन द्वारा मृतिका के परिजनों एवं रिश्तेदारों से संपर्क साधा गया, तो किसी ने भी मृतिका से संबंध होने से इनकार किया और कफन-दफन में सहयोग देने से भी मना कर दिया। इस परिस्थिति में सिटी कोतवाली में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक नेतराम साहू एवं आरक्षक कामदेव गायकवाड ने मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए मृतिका का स्वयं अंतिम संस्कार करने का निर्णय लिया। अगले ही दिन दिनांक 19 जुलाई 2025 को दोनों अधिकारियों ने सभी धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ जूगाबाई धृतलहरे का सम्मान पूर्वक अंतिम संस्कार संपन्न कराया।



## कुंदन भवन में हुआ तीज कार्यक्रम ...



**भाटापारा।** श्री आदिगौड़ ब्राह्मण सभा महिला शाखा द्वारा कुंदन भवन में सावन के महीने में तीज का कार्यक्रम आयोजित किया गया। हर वर्ष की तरह सावन में तीज का त्यौहार बहुत ही रंगारंग एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष श्री कृष्ण एवं राधा थीम एवं कई नए परंपरागत रूप मैं श्री आदिगौड़ ब्राह्मण महिला के सभी सदस्यों ने आनंदपूर्ण तरीके से मनाया। अध्यक्ष बबीता शरद भृगु ने बताया कि समाज में महिलाओ को जागरूक करने एवं सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त होना आज के युग में बहुत आवश्यक है। तीज के इस कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने समाज की सभी महिलाओं को सामाजिक रूप से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम मै पुष्पों की वर्षा एवं स्वादिष्ट भोजन का सभी ने आनंद लिया। सावन तीज कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष बबीता शरद भृगु उपाध्यक्ष लता शर्मा सहित सभी सदस्यों का पूरा सहयोग रहा।

## कांवरिया संघ के तत्वावधान में हजारों कांवरियों ने भक्ति भाव से किया कूच

# देवधारा जलप्रपात से उठी आस्था की लहर, जुटे शिवभक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

सावन मास पर श्रद्धा, भक्ति और समर्पण के रंग में रंगकर बोल बम कांवरिया संघ के तत्वावधान में हजारों शिवभक्तों ने देवधारा जलप्रपात से पवित्र जल भरकर नगर में भव्य कांवर यात्रा निकाली। नारंगी वस्त्रों में सजे श्रद्धालु जब हर हर महादेव और बोल बम के जयकारों के साथ नगर भ्रमण पर निकले, तो वातावरण शिवमय हो गया। यह भक्ति यात्रा सिरपुर स्थित प्राचीन एवं ऐतिहासिक गंधेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक हेतु आज सोमवार को रवाना होंगे। यात्रा के दौरान नगरवासियों द्वारा जगह-जगह कांवरियों का स्वागत किया गया।



भक्तों की टोलियों के साथ डमरू की गूंज, ढोल-नगाड़ों की ताल और भजन-कीर्तन की मधुर ध्वनि ने सम्पूर्ण नगर को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। यह आयोजन न केवल शिवभक्ति की एक परंपरा है, बल्कि सामाजिक एकता और संयम का सशक्त प्रतीक भी बन गया है। बोल बम कांवरिया संघ द्वारा प्रतिवर्ष सावन मास में यह यात्रा आयोजित की जाती है। इस वर्ष संघ के अध्यक्ष आकाश अग्रवाल के नेतृत्व में यात्रा को भव्य रूप प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि यह केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि शिवभक्ति की साधना है जो समाज को सेवा, समर्पण और सौहार्द का संदेश देती है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विभिन्न पड़ावों पर जलपान, प्राथमिक उपचार, चिकित्सा सहायता और विश्राम की समुचित व्यवस्था की गई है। कई सामाजिक लोगों ने सेवा शिविर लगाकर यात्रा में सहयोग प्रदान किया। कांवरिये सिरपुर पहुंचकर गंधेश्वर महादेव के पावन शिवलिंग पर जलाभिषेक करेंगे और समाज की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना करेंगे। बोल बम कांवरिया संघ की इस विशाल और सफल यात्रा के पीछे समिति के समर्पित पदाधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान है।

संघ के अध्यक्ष आकाश अग्रवाल के नेतृत्व में अनंत सिंह वर्मा, हरजिंदर सिंह पप्पू, नरेंद्र सेन, विक्की सलूजा, राजेश गोयल, जितेंद्र सिन्हा, जतिन ठक्कर, निलेश ठक्कर, नरेंद्र डड़सेना, प्रियांशु दीक्षित, बबलू सोनी, इंद्रजीत सिन्हा, अनिमेष डे, दुर्गेश सिन्हा, अभिनव मिश्रा, तरुण सिन्हा, अंकित शर्मा, मोनू सलूजा, राजू निर्मलकर, रवि आरके, संजय सिन्हा, कोमल चौबे, रमेश सिन्हा व अन्य लोगों ने आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। इन सभी पदाधिकारियों ने यात्रा की योजना, व्यवस्थापन, सेवा कार्य और श्रद्धालुओं की सुरक्षा-सुविधा में उल्लेखनीय योगदान दिया, जिससे यह भक्ति यात्रा न केवल भव्य, बल्कि अनुशासित और प्रेरणादायक बन सकी।

